रेलवे भर्ती बोर्ड - मुंबई

मंडल कार्यालय परिसर, पश्चिम रेलवे,
मुंबई सेन्ट्रल, मुंबई – 400 008.

वेबसाइट : www.rrbmumbai.gov.in
दूरभाष क्र.: 022-23090422
इ-मेल: asrrb-mum@nic.in
फैक्स क्र.: 022-23090224

अभिक्षमता परीक्षा के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों को सांकेतिक विज्ञापन

कोटि नं. 01 **पद : सहायक लोको पायलट** **के.रो.सू. नं. : 01/2014**
(वेतनमान : पीबी ₹ 5200-20200-जीपी. ₹ 1900)

दि. 15/06/2014, 29/06/2014 तथा 13/07/2014 को सहायक लोको पायलट तथा तकनिशीयन पद के लिये **के.रो.सू. नं. 01/2014** के अंतर्गत ली गई लिखित परिक्षा के आधार पर उम्मीदवार अभिक्षमता परीक्षा के लिए अस्थायी रुप से योग्य पाये गये है। लिखित परीक्षा के परिणाम **दि. 17/12/2015** को घोषित किये गये है। अभिक्षमता परीक्षा **21/01/2016 से 16/02/2016** तक **विवा कॉलेज (नया) ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स, सायन्स (डि'मार्ट के पास), 100 फीट रोड, विरार (प) - 401 303** में ली जाएगी।

अस्थायी रूप से योग्य उम्मीदवारों के परीक्षा प्रवेश पत्र उनके आवेदन पत्र में लिखित पते पर भेजें गये हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड डाक वितरण में हुये विलम्ब या गलत सुपुर्दगी के लिये उत्तरदायी नही होगा।

अस्थायी रूप से योग्य पाये उम्मीदवारों की अभिक्षमता परीक्षा की विस्तृत जानकारी जैसे कीं रोल नं., परीक्षा दिनांक रेलवे भर्ती बोर्ड, मुंबई की अधिकृत वेबसाइट **www.rrbmumbai.gov.in** तथा रेलवे भर्ती बोर्ड, मुंबई के सुचना पट्ट पर भी देख सकते है।

(1) उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि सहायक लोको पायलट पद हेतु अभिक्षमता परिक्षा से सम्बन्धित जानकारी का अवलोकन रेलवे के आरडीएसओ की वेबसाइट **www.rdso.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।

जिस पर कि निम्न तरीके से जाया जा सकता है।

www.rdso.indianrailways.gov.in → Directorates → Psycho Technical Directorate → Candidates corner at the left side.

(2) **उम्मीदवारों को अभिक्षमता परीक्षा के समय निम्नलिखित दस्तावेज लाये बिना परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।**

2.1 प्रवेश पत्र : उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र परीक्षा के समय सत्यापन के लिए प्रस्तुत करें और यह प्रवेश पत्र केवल उस पर उल्लिखित तिथि एवं समय के लिये ही मान्य होगा। उम्मीदवार अपना लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र भी बिना भुले लाए।

2.2 पहचान पत्र : कम से कम एक मूल वैध पहचान पत्र (फोटो कॉपी एवं स्कैन नही) जैसे कॉलेज पहचान पत्र, कम्पनी पहचान पत्र, ड्राईविंग लाईसेन्स, पासपोर्ट, पैनकार्ड मतदान पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं यू आई डी) प्रस्तुत कर सकते हैं।

2.3 दृष्टि प्रमाण पत्र : उम्मीदवार अभिक्षमता परीक्षा के समय चक्षु विशेषज्ञ डाक्टर का रजिस्ट्रेशन एवं सीलमोहर दिया हुवा मूल चक्षु प्रमाण पत्र **(प्रारूप संलग्न के.रो.सू. का परिशिष्ट - 6)** अवश्य प्रस्तुत करें। दृष्टी प्रमाण पत्र, उम्मीदवार अभिक्षमता परीक्षा के समय **(प्रारुप संलग्न - 6 अनुसार) चक्षु प्रमाणपत्र आवश्यक** प्रस्तुत करे अन्यथा उन्हे परीक्षा में प्रवेश नही मिलेगा। सहायक लोको पायलट पद हेतु जो उम्मीदवार आवश्यक पात्रता नही रखते वें उम्मीदवार अभिक्षमता परीक्षा के लिए ना आये. इससे उन उम्मीदवारों के तकनिशीयन पद के उम्मीदवारी पर कोई असर नही होगा.

(3) **सूचित समय :** उम्मदिवार को प्रवेश पत्र में निर्धारित से आधा घंटा पहले परीक्षा भवन में उपस्थित रहना होगा।

(4) **स्थल :** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा तिथि से पहले अपना परीक्षा केन्द्र का अवलोकन अवश्य कर ले, जिसे परीक्षा के दिन पहुचने में विलम्ब नही हो।

यद्यपि परिणाम तैयार करने में हर सम्भव सावधानी बरती गई है, तथापि रेलवे भर्ती बोर्ड किसी भी प्रकार की त्रुटि (यदि कोई हो तो) एवं गलती को सुधारने का अधिकार रखती है। किसी भी अस्पष्टता के लिये अंग्रेजी प्रति सही मानी जायेगी।

महत्वपूर्ण : अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि, वे नौकरी धुर्तो से सावधान रहें जो अवैधानिक तरीकों से रेलवे में नौकरी दिलाने के झूठे वादे के साथ गुमराह कर सकते हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड की भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः संगणकीकृत है और अभ्यर्थियों का चयन केवल उनकी योग्यता के आधार पर ही किया जाता है।

RRB/BCT/2015-16/15 **अध्यक्ष**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

Sai Advertisers : (H) 18 cms. x (W) 12 cms. = 216 sq.cms.